
# चीनी कंपनियों के शेयरों में आई तेजी

**शेयरों में उछाल...**



| कंपनी | बंद भाव* | तेजी** |
|---|---|---|
| तिरु अरूरान शुगर्स | 67.50 | 20.00 |
| उत्तम शुगर | 22.70 | 19.16 |
| अवध शुगर मिल्स | 22.40 | 15.52 |
| डीसीएम श्रीराम | 42.95 | 8.87 |
| धामपुर शुगर | 48.95 | 7.23 |
| राणा शुगर्स | 3.57 | 7.21 |

*बंद भाव रुपये में। ** तेजी गुरुवार को बंद भाव के मुकाबले फीसदी में।

*संकलन : बीएस रिसर्च*

**सुशील मिश्र**
मुंबई, 5 अप्रैल

चीनी पर आंशिक रूप से सरकारी नियंत्रण हटाने से चीनी कंपनियों के शेयरों में आज 20 फीसदी तक तेजी दर्ज की गई। नियंत्रण हटने से कंपनियां अपनी मर्जी से बाजार में चीनी बेच सकेंगी लेकिन पहले से मौजूद स्टॉक और अंतरराष्ट्रीय बाजार की सस्ती चीनी की वजह से घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। वहीं सटोरियों की मुनाफावसूली के कारण वायदा बाजार में चीनी में तेजी नहीं आई।

शुक्रवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स में करीब आधा फीसदी की गिरावट आई, वहीं बीएसई पर चीनी सूचकांक 2 फीसदी से ज्यादा बढ़त पर बंद हुआ। सबसे ज्यादा तिरु अरूरान शुगर्स का शेयर 20 फीसदी चढ़ा। अवध शुगर मिल्स 15.52 फीसदी, डीसीएम श्रीराम 8.87 फीसदी, धामपुर शुगर 7.23 और बलरामपुर चीनी 3.36 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारी नियंत्रण हटने के कारण निवेशक शुगर कंपनियों की तरफ आकर्षित हुए हैं।

लेकिन वायदा और हाजिर बाजार में चीनी की कीमतों की मिठास फीकी रही। एनसीडीईएक्स पर चीनी अप्रैल अनुबंध की कीमत 24 रुपये गिरकर 2922 रुपये, मई अनुबंध 15 रुपये लुढ़क कर 2993 रुपये, जून अनुबंध 15 रुपये खिसककर 3056 रुपये और जुलाई अनुबंध में चीनी की कीमत 6 रुपये गिरकर 3110 रुपये प्रति क्विंटल रही। ऐंजल कमोडिटी की वेदिका नार्वेकर ने कहा कि बाजार में चीनी का स्टॉक पहले से ही ज्यादा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी के दाम कम रहने से आयात भी हो रहा है। लेकिन आने वाले समय में चीनी के भाव चढ़ सकते हैं।

## बढ़ने लगे चीनी के दाम

चीनी उद्योग को नियंत्रण मुक्त करने के बाद चीनी के दाम चढ़ने लगे हैं। शुक्रवार को चीनी की कीमतों में 30-40 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। कारोबारियों के मुताबिक इस माह चीनी प्रति क्विंटल 100 से 150 रुपये महंगी हो सकती है। पृष्ठ 6

बिजनेस स्टैंडर्ड
6/4/13